| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|

**राजस्थान सरकार बनाम श्यामसुन्दर**

**अपील संख्या 411/2016 (जीसीएमएस नम्बर 2016/00192)**

29.06.22

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष अनुपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया जिससे जाहिर होता है कि न्यायालय हाजा के आदेश दिनांक 11.07.2018 के विरूद्ध न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर के समक्ष निगरानी संख्या एलआर/5904/2018/जयपुर प्रस्तुत हुई है जिस निगरानी के निर्णय दिनांक 19.09.2019 के द्वारा न्यायालय हाजा का निर्णय दिनांक 11.07.2018 एवं न्यायालय हाजा के समक्ष विचाराधीन हस्तगत अपील संख्या 411/2016 का वर्तमान में कोई विधिक महत्व नही होना मानते हुए अपास्त किया गया है। ऐसी स्थिति में हस्तगत अपील को न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर द्वारा ही अपास्त कर दिया गया है तो हस्तगत अपील को अब न्यायालय हाजा के स्तर पर आगे चलाये रखे जाने का कोई औचित्य प्रतीत नही होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर द्वारा हस्तगत अपील को अपास्त कर दिये जाने से तदानुसार पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया।

**(विकास एस.भाले)**
संभागीय आयुक्त,
जयपुर।